## खबर संक्षेप

### उद्यमियों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

**पानीपत।** ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया एसोसिएशन के प्रधान सुनील तुली व कार्यकारिणी के सदस्यों ने पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज से मुलाकात कर ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया की समस्याओं से अवगत करवाया। वहीं विधायक प्रमोद विज ने उन्हें आश्वासन दिया कि सभी कार्य करवाने के लिए शीघ्र सीएम से मिला जाएगा।

### छात्रों को नौकरी का झांसा देकर नकदी ठगी

**पानीपत।** पानीपत शहर के ताऊ देवी कॉम्प्लेक्स स्थित एपीएलएल कंम्प्यूटर सेंटर पर नाबालिग छात्राओं के साथ धोखाधड़ी की गई है। वहीं, सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में नितिका, मुस्कान, तन्नू, शिवानी, टीना आदि ने बताया कि वे उनके साथ ताऊ देवी लाल कॉम्प्लेक्स स्थित एपीएलएल कंम्प्यूटर सेंटर संचालक प्रताप ठाकुर, धर्मेश, अजय और अकबर ने धोखाधड़ी की है। छात्राओं ने बताया कि उन्होंने सन 2023 में उक्त सेंटर में दाखिला लिया था।

### रेलवे ट्रैक के पास से लड़की का शव मिला

**पानीपत।** पानीपत की बाबरपुर मंडी के पीछे रेलवे ट्रैक के पास से एक युवती का शव मिला है। जीआरपी ने प्राथमिक तौर पर मामला संदिग्ध होने की आशंका के चलते एफएसएल की टीम को भी बुला कर जांच करवाई। घटनास्थल से सभी साक्ष्यों को जुटाने के बाद शव को सिविल अस्पताल भिजवाया गया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**समालखा।** समालखा में अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार संदीप निवासी दुर्गा कालोनी, समालखा की मौके पर ही मौत हो गई। संदीप, दिन में मोबाइल चार्जर लेने घर से निकला था, लेकिन रातभर वापस घर नहीं लौटा। सुबह संदीप की मौत की सूचना मिली।

### किरयाना की दुकान से 45 हजार चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाहर निवासी कृष्ण सिंह की किरयाना की दुकान से 45 हजार रूपये की चोरी कर ली। वहीं, इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में कृष्ण ने बताया कि छह जुलाई को दोपहर करीब डेढ़ बजे उसकी मां केला उसकी किरायाणा की दुकान पर बैठी थी। इसी दौरान बाइक सवार तीन युवक वहां आए। उनमें से दो दुकान में घुस गए, जबकि तीसरा बाइक पर बैठा रहा। दुकान पर आए दो युवकों ने उसकी मां को बातों में उलझा लिया, इस दौरान दोनों युवकों ने गल्ले में रखी 45 हजार रूपये की नगदी चोरी कर ली। वहीं, चोरी का खुलासा सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर हुआ। केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला यात्री के जेवर चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** रोहतक से पानीपत जा रही ललिता निवासी इंदिरा कालोनी, रोहतक के बैग से जेवर चोरी हो गए। ललिता नें चोरी का शक बस कंडक्टर और एक अज्ञात व्यक्ति पर जताया है। कंडक्टर ने ललिता का बैग पीछे वाली खिड़की वाली सीट के नीचे रख दिया था। वहीं ललिता को वहां से दो सीट आगे बैठाया गया। ललिता की शिकायत पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फिलिस्तीन के पक्ष में नारेबाजी को लेकर किया हनुमान चालीसा का पाठ

# हिंदू संगठनों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राजीव गांधी एजुकेशन सिटी स्थित निजी विश्वविद्यालय में पिछले दिनों कुछ विद्यार्थियों की तरफ से फिलिस्तीनी पोशाक पहनकर फिलिस्तीन के पक्ष में नारेबाजी की गई थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इसके विरोध में हरकत में आए हिंदू संगठनों ने मंगलवार को विवि के गेट पर पहुंचकर विवि प्रशासन के खिलाफ रोष जताया और हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसे सोनीपत के राई स्थित निजी विश्वविद्यालय का बताया गया था। इस वीडियो में कुछ विद्यार्थी फिलिस्तीन देश के नागरिकों जैसी पोशाक पहने थे और उस देश के पक्ष में नारेबाजी करते दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो का कई हिंदू संगठनों ने जोरदार विरोध किया था। मंगलवार को करणी सेना, विश्व हिंदू परिषद, पुजारी महासभा के कई पदाधिकारी विवि के गेट पर पहुंचे और यहां हाथों में पोस्टर लेकर विवि प्रशासन व प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के प्रति रोष जताया। साथ ही हिंदू संगठनों ने यहां गेट के सामने बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान पुलिस के अधिकारी व जवान तैनात रहे। हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद हिंदू संगठनों के पदाधिकारी विवि के कुलपति से मिले और विरोध दर्ज करवाते हुए कहा कि भविष्य में विवि में ऐसी घटनाएं सामने आने पर आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीण यहां जमा होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद हिंदू संगठनों के पदाधिकारी पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पर पहुंचे और वहां एसीपी मुकेश जाखड़ को शिकायत देकर विवि प्रशासन पर कार्रवाई की मांग की। हिंदू संगठनों में करणी सेना के प्रदेश महामंत्री दीपक चौहान, विहिप से विकास मंगला, संजय भारद्वाज, ताहर सिंह, शीतल, सिद्धार्थ, प्रिंस, संतोष गुप्ता, धर्मेंद्र, पुजारी महासभा के अध्यक्ष देवी शंकर आदि मौजूद रहे।



राई। विवि के गेट पर पहुंचकर विवि प्रशासन के खिलाफ रोष जताते और हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए हिंदू संगठन।

# एनीमिया मुक्त भारत: नोडल अध्यापकों को दिया प्रशिक्षण

- अभियान के तहत सीएचसी मुंडलाना में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को गांव मुंडलाना स्थित सीएचसी में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएचसी के एएसएमओ डॉ. संजीव कुमार द्वारा शैक्षणिक खंड मुंडलाना क्षेत्र के प्रत्येक विद्यालय के हेल्थ अंबेस्डर (नोडल अध्यापक) को विषय के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया गया। मार्गदर्शन एसएमओ डॉ. राजेश का रहा। डॉ. संजीव ने बताया कि कमजोरी, थकान, चक्कर आना, चलने के दौरान सांस फूलना, बार-बार सिर में दर्द, सुस्ती रहना, काम में मन न लगना, पैरों में बाटे आना और शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होना एनीमिया के लक्षण हैं। एएसएमओ डॉ. संजीव के अनुसार एनीमिया के लक्षण दिखाई देने पर गुड़ और चने खिलाएं। हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें और लोहे की कड़ाही में खाना बनाकर खाएं। जिस विद्यार्थी में खून की कमी दिखाई दे उसे समय-समय पर फॉलिक एसिड की गोलियां खिलाएं।



गोहाना। नोडल अध्यापकों को प्रशिक्षण देते हुए डॉ. संजीव कुमार।

## नेटबॉल विजेता खिलाड़ियों का हुआ भव्य स्वागत



**खरखौदा।** भिवानी में आयोजित 18 वीं राज्य स्तरीय नेटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का सिसाना गांव में पहुंचने पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर सभी खिलाड़ी अपने होम ग्राउंड गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिसाना पहुंचे और प्रधानाचार्य व स्टाफ सदस्यों का आशीर्वाद लिया। प्राचार्य भूदेव ने बताया कि इन सभी खिलाड़ियों ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिसाना के मैदान पर कोच आदित्य की देखरेख में प्रैक्टिस करते हुए 15 मेडल हासिल किए। इसके साथ ही धर्मार्थ गौशाला सिसाना के प्रधान रणदीप, रिटायर्ड इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह दहिया, कोच आदित्य, अशोक मास्टर ,बनिया सरपंच व गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया और उन्हें अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### वजीर सिंह बने हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन के अध्यक्ष

**गोहाना।** हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन की सोनीपत जिला कार्यकारिणी का त्रिवार्षिक चुनाव मंगलवार को शहर के सेक्टर 7 स्थित गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में हुआ जिसमें खानपुर कलां गांव स्थित गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल के वजीर सिंह मलिक नए जिला अध्यक्ष बने। पहले तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर सब पुराने पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। उसके बाद प्रदेश उपाध्यक्ष जागलान के साथ राज्य संगठन सचिव विजेंद्र कुमार ने नई कार्यकारिणी का चुनाव मौके पर करवा दिया। गढ़ी सराय नामदार खां गांव में नियुक्त सुनील भावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इसी स्कूल के सत्यपाल महासचिव, इसी ही स्कूल के दलबीर खुंडिया, बुसाना गांव में नियुक्त सुनील कुमार, कैलाना खास गांव में नियुक्त विनोद कुमार और ककाणा भादरी गांव में नियुक्त विजय सिंह उपाध्यक्ष होंगे।

# पानी निकासी के लिए बनाए नाले

- नाले बनने के बाद शुरू होगा सड़क निर्माण का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सनपेड़ा रोड पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पानी निकासी के लिए नालों का निर्माण शुरू कर दिया गया है। नाले के निर्माण के बाद सड़क का नवनिर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। जीटी रोड से रामनगर वाया सनपेड़ा सड़क मार्ग पर 3 करोड़ 30 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जीटी रोड से लेकर गांव सनपेड़ा व रामनगर तक की करीब 6 किलोमीटर सड़क की हालत बहुत ही जर्जर है। सड़क मार्ग पर वाहन चालकों को गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में तो सड़क मार्ग पर बने गड्ढों में पानी भर जाता है। जिस कारण वहां से गुजरने पर कई वाहन चालक गिर कर चोटिल भी हो चुके हैं। विभाग द्वारा इस सड़क के कार्य को बीच में रोक दिया था, जिसके बाद विधायक निर्मल चौधरी ने अधिकारियों को सड़क पर काम जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। अब विभाग द्वारा सड़क पर काम फिर से शुरू कर दिया गया है।



गन्नौर। सनपेड़ा रोड पर पानी निकासी के लिए बनाए गए नाले।

**सड़क पर रोड़े डलवाए गए : पंकज गौड**

पीडब्ल्यूडी विभाग एक्सईएन पंकज गौड़ ने कहा कि सनपेड़ा रोड का नवनिर्माण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। पहले नालों का निर्माण किया जाएगा। फिलहाल सड़क पर रोड़े डलवाए गए हैं। नाले के निर्माण के तुरंत बाद सड़क निर्माण शुरू हो जाएगा।

## विद्यार्थियों को दी मानव शरीर की जानकारी



**गोहाना।** गांव रूखी स्थित शहीद सुखबीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को विज्ञान विषय पर विस्तारक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गोहाना स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक महाविद्यालय से प्रो. अमित कुमार ने विद्यार्थियों को मानव शरीर के अंगों की संरचना, कार्य और महत्व बारे जानकारी दी। कार्यक्रम में विस्तारक व्याख्यान के बाद उक्त विषय पर प्रतियोगिता भी करवाई गई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षिका नीलम, रचना और भारती का विशेष योगदान रहा।

# यदुवंशी की छात्रा प्रियंका ने यूनिवर्सिटी की टॉप-10 सूची में पाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमएससी फिजिक्स के चौथे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। एमएससी फिजिक्स की छात्रा प्रियंका पुत्री मनोज ने 82.9 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में आठवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा कॉलेज स्तर पर मुस्कान पुत्री प्रवीन, अनु यादव पुत्री योगेंद्र, अंकिता पुत्री अशोक ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस प्रकार इन तीनों विद्यार्थियों ने बराबर अंक लेकर दूसरे स्थान पर कब्जा किया। इन विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी डिग्री कॉलेज का नाम भी रोशन किया। संस्था अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने एमएससी फिजिक्स के अच्छे परीक्षा परिणाम आने पर विद्यार्थियों को बधाई दी। वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। निदेशक राजेंद्र यादव ने बताया कि भौतिक में मास्टर ऑफ साइंस डिग्री हासिल करने के बाद सार्वजनिक और निजी क्षेत्र संस्थाओं अनुसंधान, प्रयोगशालाओं, परमाणु और अंतरिक्ष संगठनों एवं दूरसंचार क्षेत्र के कई अवसर उपलब्ध होते हैं।



छात्रा प्रियंका।

# 75 पौधे रोपित करने की ली जिम्मेदारी

- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक मोहनलाल बड़ौली ने किया शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

जीटी रोड स्थित एलडीको सिटी स्थित संजोग अस्पताल में पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष एवं राई के विधायक मोहन लाल बड़ोली ने पौधरोपण करके अभियान की शुरूआत की। इस दौरान अस्पताल के चिकित्सकों व स्टाफ द्वारा 75 पौधे रोपित किए गए। प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली का पहुंचने का संजोग अस्पताल के डा. जोगेन्द्र धनखड़ व स्टाफ ने स्वागत किया। बड़ौली ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्लोबल वामिंर्ग को रोकने के लिए पौधारोपण अधिक से अधिक करना चाहिए। अस्पताल द्वारा मुहिम चलाकर सराहनीय कार्य किया है। अस्पताल के डायरेक्टर डा संजय जैन व डा. जोगेन्द्र धनखड़ ने बताया कि ह साल की तरह इस साल में भी पौधारोपण अभियान के माध्यम से 250 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस मौके पर भारत दुआ, डा. रवि नांदल, डा. सिन्नी मक्कड, डा. दीपक, ज्योति, पूजा, हर्ष, मोनू आदि उपस्थित रहे।



राई। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली पौधारोपण अभियान की शुरूआत करते हुए।

# ऑल इंडिया नेशनल लॉन टेनिस सीरीज में खुशी ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जयपुर में 1 जुलाई से 6 जुलाई, 2024 तक आयोजित ऑल इंडिया नेशनल लॉन टेनिस सीरीज (अंडर 14) के युगल मुकाबले के फाइनल मैच में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की खुशी कादयान ने सेरेना के साथ खेलते हुये महाराष्ट्र की टीम को 6-1, 6-1 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता । इसके साथ ही एकल वर्ग के फाइनल मैच में हरियाणा के सेरेना से कड़े मुकाबले में 4-6, 1-6 स्कोर से खेलते हुये सिल्वर पदक जीतकर अपने विद्यालय एवं राज्य का नाम रोशन किया। खुशी कादयान लगातार राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इंडिया रैंकिंग वन पर है। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने खुशी कादयान को बधाई दी व भविष्य में और बेहतर खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ी खुशी कादियान को सम्मानित करते हुए।

# दिव्यांग विद्यार्थियों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

ब्रह्माकुमारी आश्रम सोनीपत व माउंट आबू के दिव्यांग सेवा प्रभाग द्वारा रेणु विद्या मंदिर स्कूल, बहालगढ़ में माउंट आबू से पधारी टीम द्वारा बच्चों को मानसिक और आत्मिक विकास के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बी के प्रमोद दीदी, बी के अतुल्य, लवली बहन,कमलेश बहन व उनकी टीम के सानिध्य में संपन्न हुआ। ओम शांति टीम ने बच्चों को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया। टीम ने संस्था की सभी सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्थान में सभी दिव्यांग खुश है। चित्र कला विजेता को टीशर्ट का पुरस्कार दिया। ओम शांति टीम ने बच्चों को प्रेरणादायक मूवी दिखाकर बताया कि एक बच्चे ने कैसे अपने आप को जीवन में सफल बनाया। इस अवसर पर संस्थान के एम डी एन. सी गुप्ता, डा. प्रमोद कुल्हाड़े (उप निदेशक व प्रिंसिपल)ने सभी स्टाफ का आभार व्यक्त किया।



ब्रह्माकुमारी आश्रम सोनीपत व माउंट आबू से पधारी बहने दिव्यांगों को फल वितरित करते हुए।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के प्ले स्कूल का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**गन्नौर।** ब्लाक गन्नौर में पांच दिवसीय प्ले स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत मिनी सचिवालय स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय द्वारा की गई। जिसका शुभारम्भ जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कुमारी ने किया। ब्लाक में 44 आंगनवाड़ी केन्द्रों को प्ले स्कूल में अपग्रेड किया गया। जिनकी आगंनवाड़ी वर्करों को सुपरवाइजरों द्वारा प्ले स्कूल का प्रशिक्षण दिया। स्कूल के बच्चों के सर्म्पण विकास महत्व बारे की जानकारी दी गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कुमारी ने कहा कि प्ले स्कूलों में बच्चों को खेल- खेल में शिक्षा दी जाएगी। प्रवीण कुमारी ने बच्चों की उचित देखभाल, पोषण और उनका सर्वांगीण विकास की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की नई शिक्षा नीति के तहत जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल का दर्जा दिया गया है। इनमें पर्यवेक्षकों की निगरानी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ही बच्चों को पढ़ाएंगी। कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि बच्चों का बौद्धिक और शारीरिक विकास तेज गति से होता है। इसलिए नौनिहालों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# आप पार्टी आयोजित करेगी बदलाव जनसंवाद कार्यक्रम

- 10 जुलाई को भैसवाल कलां, आंवली और 11 जुलाई को कथूरा और धनाना में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

आम आदमी पार्टी (आप) युवा नेता संदीप मलिक ने मंगलवार को सेक्टर 7 में प्रेसवार्ता कर बदलाव जनसंवाद कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बदलाव जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी दिल्ली और पंजाब में भी शिक्षा और स्वास्थ्य क्रांति लाई जाएगी।

संदीप मलिक ने कहा कि दिल्ली और पंजाब में जनता को फ्री बिजली, फ्री पानी, विश्वस्तरीय सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा और बुजुर्गों के लिए फ्री तीर्थ यात्रा जैसी योजनाएं चल रही हैं। हम इन सब योजनाओं को गोहाना के हरेक गांव और घर तक लेकर जाएंगे। इस क्रम में 10 जुलाई को भैंसवाल कलां और आंवली, 11 को धनाना और कथूरा, 12 जुलाई को मुंडलाना और शामड़ी, 13 जुलाई को बिचपड़ी और जागसी, 14 जुलाई को घड़वाल और रिंढाणा गांवों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों के दौरान पार्टी हर वर्ग और हर बूथ पर मौजूद एक-एक आदमी से संपर्क करेगी। पत्रकारवार्ता में यूथ विंग की प्रदेश सचिव मोना सिवाच, किसान विंग के जिलाध्यक्ष सोमबीर नरवाल और बरोदा के सर्कल प्रभारी राजेश मौजूद रहे।




गोहाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए आप नेता संदीप मलिक व उसके सहयोगी।




## अंतर सदनीय वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर में विद्यार्थियों के लिए अंतर सदनीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चारों सदनों के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को दिए गए विषयों में तकनीकी शिक्षा, जीनियापिग्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मिलित किए गए। बच्चों ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए इन विषयों पर वाद विवाद किया। परिणामों में ग्लोरी सदन प्रथम, डिवाइन द्वितीय और प्रेस्टीज और डिग्निटी सदन तीसरे स्थान पर रहे। प्राचार्य जय भारत गुप्ता और समन्विका नेहा संधू ने विजेताओं को सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### सर्वोत्तम माता पुरस्कारः मनीषा अव्वल और कोमल रही द्वितीय



**सोनीपत।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा सर्वोत्तम माता पुरस्कार का ब्लॉक स्तर पर आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्यातिथि परियोजना अधिकारी पूनम आंतिल रही। कार्यक्रम में 30 महिलाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें मनीषा प्रथम, कोमल द्वितीय और सुनीता तृतीय रही। इस मौके पर परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में इन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में राजरानी, संतोष , सुमित्रा आदि मौजूद रहे।

### अहमदपुर में पीने के पानी की गंभीर समस्याः देवेंद्र



**सोनीपत।** आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने नगर निगम के वार्ड नंबर 7 के अंतर्गत आने वाले गांव अहमदपुर में डोर टू डोर प्रचार किया। देवेंद्र गौतम ने बताया कि अहमदपुर गांव में पीने के पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोग निगम पार्षद और निगम प्रशासन के सामने गुहार लगाकर थक चुके हैं लेकिन पीने का साफ पानी समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा जिससे लोग प्यास से मरने पर मजबूर है।

### किसान संघ ने चलाया पौधरोपण अभियान



**रोहतक।** भारतीय किसान संघ ने सत्यवान ढाका के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान चलाया। ढाका ने बताया कि किसान संघ पूरे हरियाणा में पौधे लगाएगा। पौधा रोपण 1-31 जुलाई तक होगा। उन्होंने कहा कि किसान प्रकृति का सबसे बड़ा रक्षक और मित्र है किसान खेत में या किसी भी स्थान पर लगे पौधों को कभी नुकसान नहीं पहुंचता वह पौधों की अपनी संतान की तरह देखभाल करता है। किसान के बिना प्रकृति की रक्षा करना असंभव है।

# कच्ची सड़क को पंचायती रास्ता व कमरे को खेती में उपयोगी बताकर छोड़ा

## अचानक चले अभियान की किसी को नहीं लगी भनक, बड़ी रोड पर करीब पांच नींव को ढहाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जिला नगर योजनाकार अधिकारी विभाग द्वारा मंगलवार को शहर में विकसित हो रही अवैध कालोनियों में नींव गिराने का अभियान चलाया। जैसे ही योजनाकार विभाग की टीम राजलू गढ़ी रोड पर हो रही अवैध प्लाटिंग में पहुंची तो वहां कालोनाइजरों द्वारा बनाए गए कच्चे रास्ते को खानापूर्ति करके उखाड़ा, उसके बाद उसे कच्चे रास्ते को पंचायती रास्ता बताकर व साथ में बने कोठरे को खेत का कोठरा बताकर छोड़ दिया। विभाग की कार्रवाई को कुछ प्रोपर्टी डीलरों ने ही भेदभाव बरतने का आरोप लगाया। विभाग की कार्रवाई को देख उक्त कालोनी में अवैध रूप से प्लाट लेने वाले लोग खुश नजर आए। इसके बाद टीम ने गांव गढ़ी केसरी की राजस्व संपदा में बड़ी से लालगढ़ी रोड़ पर सुरक्षा इंक्लेव के साथ 2 एकड़ में विकसित की जा रही कॉलोनी में करीब 5 डीपीसी व कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने आमजनता से अपील करते कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें। प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं। किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिला के सभी क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है।



गन्नौर। विभाग की कार्रवाई में पंचायती सड़क बताकर छोड़ा रास्ता व साथ में बना कमरा जो खेत को कोठरा बताकर छोड़ा। *फोटो :हरिभूमि*

### भेदभाव का लगाया आरोप

कुछ प्रोप्टर्ी डीलरों ने ही नाम न छापने पर विभाग की कार्यवाही को भेदभाव करने का आरोप लगाया। वही नगर योजनाकार विभाग की टीम जब शहर में कार्रवाई के लिए आती है तो इतनी जल्दी अभियान चलाकर चली जाती है कि मीडिया को भी टीम के जाने के बाद भनक लगती है।

### पांच डीपीसी को जेसीबी से गिरा

नगर योजनाकार विभाग के एटीपी मनदीप ने बताया कि राजलू गढ़ी रोड पर जिस कच्चे रास्ते को छोड़ दिया है वह पंचायती रास्ता बताया गया है और जो कमरा छोड़ा है वह खेत के उपयोग के लिए बनाया है। इसके अलावा विभाग की टीम ने बड़ी रोड पर अवैध कालोनी में करीब 5 डीपीसी को जेसीबी की मदद से गिरा दिया है। एटीपी ने बताया कि बाकि पूरी जानकारी कार्यालय में आ जाओं, उसके बाद देंगे।



**सोनीपत।** भूख हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

# सफाई कर्मचारियों की क्रमिक भूख हड़ताल

- ठेका सफाई कर्मचारियों को समय पर नहीं मिलता वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों की क्रमिक भूख हड़ताल पीसीसी कंपनी के ऑफिस सेक्टर 15 में 8 वे दिन भी जारी रही। धरनास्थल की अध्यक्षता प्रधान अजय कुमार टॉक ने की संचालन यूनियन कोषाध्यक्ष पवन कुमार ने किया। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने नगर निगम अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम घोटालों का अड्डा बना हुआ है। सफाई कर्मचारी लगातार 8 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन अधिकारी मौन बैठे हैं। नगर निगम के अधिकारी व ठेकेदार नगर निगम को लूट रहे हैं करोड़ों रुपए गबन किया जा रहे हैं। ना ठेका सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलता है ना समय पर सफाई के औजार मिलते हैं। सुनीता देवी, देवराज टाक, दीपक, सनी, अमित टाक, अजय, अमित, मदन ने भी कर्मचारियों को संबंधित किया।

### 24 छात्राएं विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में शामिल

- एमएससी कैमिस्ट्री के सैमेस्टर-3 में जीवीएम की छात्रा अनुष्का 550 में से 494 अंकों के साथ विवि की टॉपर बनी

**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा घोषित किये गये एमएससी कैमिस्ट्री के सैमेस्टर-1 व 3 के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीवीएम गर्ल्ज कालेज की 24 छात्राओं ने विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में नाम दर्ज करवाया। एमएससी कैमिस्ट्री के सैमेस्टर-3 में जीवीएम की छात्रा अनुष्का 550 में से 494 (89.82 प्रतिशत) अंकों के साथ विश्वविद्यालय की टॉपर बनी है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने अनुष्का सहित सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने हर्ष व्यश्वत करते हुए परीक्षा परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एमएससी कैमिस्ट्री के सैमेस्टर-1 में 12 छात्राओं ने विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में नाम दर्ज करवाया है। एमएससी कैमिस्ट्री के सैमेस्टर-3 में जीवीएम की अनुष्का ने विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित किया। इस दौरान एमएससी कैमिस्ट्री के विभागाध्यक्ष बीएस सैनी सहित प्राध्यापिकाओं डा. दीपिका, शिक्षा, डा. नवीन कुमारी, सुमन वर्मा और करिश्मा हुड्डा ने भी टॉपर सहित मैरिट सूची में शामिल सभी छात्राओं को बधाई दी।

## जारी रहा दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी एम्पलाइज यूनियन का विरोध प्रदर्शन

# विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी खोल दिए निकास मार्ग पर लगे ताले

## मांगों की सुनवाई न होने के कारण विश्वविद्यालय में अनिश्चितकालीन धरना ऐलान



**सोनीपत।** डीक्रस्ट में विरोध प्रदर्शन करते यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। *फोटो :हरिभूमि*

### देर शाम विवि प्रबंधन ने फिर से ताले लगवा गेट बंद करवा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी एम्पलाइज यूनियन के बैनर तले गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने मंगलवार को विवि के प्रशासनिक भवन में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कुलपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि 8 जुलाई से कर्मचारियों की मांगों को लेकर यूनियन धरने पर बैठी है, लेकिन विवि प्रशासन ने कर्मचारियों की सुध नहीं ली। यूनियन पदाधिकारियों के अनुसार उन्होंने अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए विश्वविद्यालय की किसी भी जरुरी गतिविधि में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होने दी है। अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि विवि प्रशासन कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहा है व अपनी हठधर्मिता पर अड़ा हुआ है। इस दौरान यूनियन नेताओं ने प्रशासनिक भवन के दूसरी ओर ताला लगाकर बंद किए गए गेट को खोल दिया। हालांकि देर शाम विवि प्रबंधन द्वारा फिर से ताले लगवाकर गेट बंद करवा दिया गया।

इस दौरान यूनियन की आम सभा में फैसला लिया गया कि 10 जुलाई से कर्मचारियों की मांगों की सुनवाई न होने के कारण विश्वविद्यालय में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ विरोध स्वरूप विश्वविद्यालय प्रशासनिक ब्लॉक से निदान अस्पताल तक नारेबाजी के साथ मार्च पास्ट किया जाएगा। यूनियन ने अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ब्लॉक के निकास मार्ग से अवांछित ताले हटा दिए गए हैं।

### कर्मचारियों की मांगों की सूची

- कर्मचारियों की मांगों की सूची
- नए पदों (द्वितीय चरण) के सृजन के लिए माननीय कुलपति की सिफारिशें बिना किसी देरी के सरकार को भेजी जा सकती हैं।
- विश्वविद्यालय कर्मचारियों की सभी लंबित पदोन्नति की जा सके।
- चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उनकी पदोन्नति के बाद उनके निर्धारित पोस्टिंग स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है।
- विश्वविद्यालय प्रशासनिक ब्लॉक में एयर-कंडीशनर लगाए जा सकते हैं।
- विवि की लिफ्टें 10+ महीनों से अधिक समय से खराब हैं। उसकी तुरंत मरम्मत कराई जा सकती है।
- यूनिवर्सिटी में सड़कों की मरम्मत भी कराई जा सकती है.
- प्रशासनिक ब्लॉक के आपातकालीन निकास पर लगे ताले तुरंत हटाए जा सकते हैं।
- विश्वविद्यालय के कर्मचारियों/सेवानिवृत्त व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत किए गए मेडिकल बिलों को निपटाने/प्रस्तुत करने में अनुचित देरी देखी गई है।
- जिन पदों के लिए सेवा नियमों में प्रमोशन चैनल उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए चैनल बनाया जा सकता है
- विवि के गैर नियमित कर्मचारियों के लिए एकमुश्त उपस्थिति का प्रावधान बहाल किया जा सकता है।
- उन सभी कर्मचारियों का वेतन तय किया जा सकता है जिनका प्रमोशन पहले ही हो चुका है
- एसईटीसी पास करने वाले कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि दी जा सकती है

### मोहनलाल बड़ौली को प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर मनाई खुशी



**खरखौदा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोहनलाल बडौली को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर खरखौदा शहर में लड्डू बांटकर व ढोल खुशी प्रकट की। इस अवसर पर प्रीतम खोखर, विजयपाल पांचाल, रामनिवास खरखौदा, लक्ष्मी दत्त जांगड़ा, सुनील पांचाल, सुशील सरोहा, अजय राठौर, सैंपल सैनी,राजेंद्र सैनी, ओम गोपालपुर, नरेंद्र वधवा आदि उपस्थित रहे। *फोटो:हरिभूमि*



**सोनीपत।** अभियान के तहत पौधे रोपित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### सेक्टर 12 में अभियान चलाकर पचास पौधे लगाए

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 12 में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में फलदार व छायादार 50 पौधे लगाए और सभी निवेदन किया की अभी बारिश के मौसम में सभी अधिक से अधिक पौधे लगाए। इसके साथ ही जब तक वह पेड़ नहीं बनते उनकी देखभाल करें, ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके क्योंकि पेड़ पौधे के बिना धरती पर जीवन संभव नहीं वन ही जीवन है। समाज सेवी स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, अर्पित, चतर सिंह, आशीष, मनमोहन ठेकेदार, कुणाल, हैप्पी, कमल, रंजू, शोभा आदि उपस्थित रहे।

# साइंस ओलंपियाड में पदक विजेता सम्मानित

## गीता विद्या मंदिर के मेधावियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर गोहाना में मंगलवार को साइंस ओलंपियाड प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। सिल्वर जोन फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के 22 विद्यार्थियों ने पदक अपने नाम किए। प्राचार्य अश्वनी कुमार ने उनको सम्मानित किया। मेधावी गर्वित, चिराग, अवा आनंद, मुस्कान, हिमांशी, दिव्या, हर्षिता, सृष्टि ने स्वर्ण, हर्षिता, नवदीप, निर्मित, कनिष्का, ईशा, अंशुल, दिपांशु, नम्रता ने रजत और प्रियांशी, रिषू, उज्ज्वल, हर्षिता, स्वीटी, रुद्र ने कांस्य पदक प्राप्त किए। प्राचार्य ने कहा कि जीवन में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें पूरा करना होगा। इस मौके पर कृष्णा दहिया, विनिका, रचना सिंगला, कविता, सचिन पूनिया, प्रदीप रोहिल्ला, कुसुम शर्मा, अनिल शर्मा मौजूद रहे।



**गोहाना।** विजेता विद्यार्थी अपने गुरुजनों से आशीर्वाद लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

## समाधान शिविर में मंगलवार तक 2263 शिकायतें मिली, 928 का समाधान और 1271 लंबित

# 177 फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे, 13 का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में लगाए जा रहे समाधान शिविर की कड़ी में मंगलवार को कुल 177 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से केवल 13 शिकायतों का ही मौके पर समाधान संभव हो पाया, बाकि की 164 शिकायतों को लंबित रखा गया है। जिला स्तरीय समाधान शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने की, वहीं उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता संबंधित एसडीएम ने की। वहीं आज तक की कुल शिकायतों की बात करें तो मंगलवार तक कुल 2263 शिकायतें प्राप्त हुई थी। इसमें से 928 का समाधान हो गया है, जबकि 1271 शिकायतें लंबित हैं। मंगलवार को समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली, पेयजल, स्वामित्व रजिस्ट्री सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं सुनी गईं। डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों में हर रोज सुबह 9 से 11 बजे तक प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपराध से संबंधित शिकायतों, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डीसीपी नरेन्द्र सिंह, एसडीएम अमित कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त रेणुका, डीआरओ हरिओम अत्री, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



**सोनीपत।** समाधान शिविर के दौरान लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारीगण। *फोटो :हरिभूमि*

### नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लें अधिकारी : सुमन



**गन्नौर।** सरकार के निदेर्शानुसार नागरिकों की समस्याओं के समाधान में खंड स्तर पर समाधान शिविर में मंगलवार को तहसीलदार सुमन ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर 15 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। तहसीलदार द्वारा अन्य समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करें। भाजपा के मंडल महामंत्री अमन मुखीजा ने नगरपालिका रोड पर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति लाईन को ठीक करने के दौरान करीब दो माह से उखड़ी सड़क को ठीक कराने की मांग की। शिकायत में अमन ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कोई सुनवाई नही कर रहे है। इस मौके पर नायब तहसीलदार गजे सिंह, बीडीपीओ पूनम चंदा, खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा, बिजली निगम के एसडीओ अभिषेक,थाना प्रभारी सतेंदर सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जा रही है।

### 14 जुलाई को होगी कराटे चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जिला सोनीपत कराटे संघ द्वारा 14 जुलाई को शहर में बरोदा रोड पर नागरिक अस्पताल के सामने स्थित बाल भारती विद्यापीठ में कराटे चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। जिला सोनीपत कराटे संघ की उपाध्यक्ष एवं बाल भारती विद्यापीठ स्कूल की प्राचार्या सुमन कौशिक ने बताया कि चैंपियनशिप में जिला सोनीपत क्षेत्र के खिलाड़ी भाग लेंगे। हरियाणा खेल कराटे संघ के सह सचिव व जिला सोनीपत कराटे संघ के महासचिव अनिल भारद्वाज ने बताया कि चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ियों को 19 से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल टावर से सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में मोबाइल टावर से उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। भावना देशराज पानीपत निवासी पवन कुमार ने बताया कि वह रिलाइंस कंपनी में हरियाणा मैनेजर के तौर पर कार्यरत है। उनकी कंपनी का टावर सेक्टर-23 में लगा हुआ है। जिसकी देखरेख कंपनी करती है। किसी ने गत 11 मई को टावर से उपकरण चोरी कर लिए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई मनोज कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### प्लॉट से कॉपर के तार चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र में स्थित प्लॉट में कॉपर के कट्टे चोरी होने का मामला सामने आया है। सुपरवाइजर ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सराय दिल्ली निवासी विनोद ने बताया कि वह मोहाना स्थित कंपनी में बतौर सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। उनके प्लाट में 12-13 कट्टे कॉपर वेस्टेज के रखे हुए थे। गत 5 जुलाई को देखा तो कट्टे गायब मिले। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सुनील कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### दुष्कर्म के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित बिहार के धामरा फिलहाल सिविल लाइन थाना क्षेत्र निवासी सामद अली बताया गया है। जानकारी अनुसार 6 जुलाई को एक युवती ने पुलिस में शिकायत दी थी कि उनकी दोस्ती यश नाम के युवक से इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। एक दिन उसने पार्टी करने के बहाने बुलाकर उन्हें नशीला पदार्थ खिला दिया था। इससे उनके बेहोश होने पर आरोपी ने उनके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित सामद अली उर्फ यश को गिरफ्तार कर लिया और नकोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# महाविद्यालयों में लगी छात्रों की भीड़, अंतिम तिथि बढ़ाई

स्नातक के द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भी जमा करवाई फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए जारी पहली वरियता सूची में शामिल विद्यार्थियों के पास अपना दाखिला सुनिश्चित करवाने के लिये विद्यार्थियों की दिनभर भीड़ लगी रही। महाविद्यालयों में भी कर्मचारी दिन भर दाखिला प्रक्रिया पूरी करने में व्यस्त रहे।

महाविद्यालयों में सोमवार को पोर्टल धीमा होने से फीस जमा करवाने के लिए चालान नहीं कट पाए थी, यही कारण रहा कि अंतिम दिन फीस जमा करवाने वाले विद्यार्थियों की लाइन लगी रही। हालांकि देर शाम उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई कर दी है। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 05 जुलाई को पहली वरियता सूची जारी की थी। सूची में जिन विद्यार्थियों को शामिल किया गया था, उन्हें अपना दाखिला सुनिश्चित करवाने के लिए फीस भरने का 09 जुलाई तक का समय दिया गया था। हालांकि सोमवार को पोर्टल धीमा होने से अधिकतर विद्यार्थी अंतिम तिथि को फीस जमा करवाने पहुंचे। मंगलवार सुबह से ही महाविद्यालयों में फीस जमा करवाने वाले विद्यार्थियों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी, जो शाम तक जारी रही। पहली वरीयता सूची के विद्यार्थियों के साथ ही स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भी फीस जमा करवाई। फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि बढ़ने से विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली है।




सोनीपत। स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए पहली वरियता सूची जारी होने पर कार्लेजों में उमड़े विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## डीसीआरयूएसटी में पीएचडी के लिए आवेदन 15 तक मांगे

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में पीएचडी के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। पीएचडी के लिए 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 20 व 21 जुलाई तक प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। डीसीआरयूएसटी, मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में पीएचडी के के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। पीएचडी में प्रवेश के इच्छुक 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 20 व 21 जुलाई को पीएचडी की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 29 व 30 जुलाई को पीएचडी के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। 1 अगस्त से कोर्स वर्क प्रारंभ हो जाएगा। पीएचडी के लिए किस विषय में कितनी सीटें हैं, इसका ब्यौरा इस प्रकार से है-

| | |
|---|---|
| आर्किटेक्चर | 16 |
| बायोमेडिकल इंजीनियरिंग | 9 |
| सिविल इंजीनियरिंग | 8 |
| केमिस्ट्री | 4 |
| केमिकल इंजीनियरिंग | 10 |
| सेंटर ऑफ एक्सिलेंस इन एनर्जी एंड एंवायरमेंट स्टडीज | 7 |
| कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग | 23 |
| इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजी. | 28 |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 20 |
| मैनेजमेंट | 10 |
| मैथमेटिक्स | 7 |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 17 |
| फिजिक्स | 6 |

# हरित दिवस के रूप में मनाया स्कूल के चेयरमैन का जन्मदिन



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ चेयरमैन, निदेशक एवं अन्य।

- 2000 पौधे लगाकर हीट वेव को रोकने की पहल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा के जन्मदिवस को हरित दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों तथा अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर लगभग 2000 पौधे लगाकर हीट वेव को रोकने की पहल की व चेयरमैन एसके शर्मा को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और बताया कि हरित दिवस ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को इस दिशा में प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिकाधिक पौधारोपण कर उनकी देखभाल करनी चाहिए। विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा ने बताया कि पौधारोपण से हमारे जीवन में खुशहाली आती है और यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी सुधारता है। ग्लोबल आउटरीच डायरेक्टर अर्चना शर्मा ने पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ हमें जीवन में निरंतर गतिशील रहने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्या कृति चौधरी, प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया।

# दूसरी शादी के लिए झूठा शपथपत्र तैयार करवाया

- पहली पत्नी को लगी भनक शहर थाना में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव गढ़ी उजाले खां के एक युवक ने दूसरी शादी करने के लिए झूठा शपथपत्र तैयार करवाया लिया। इसे बारे में पहली पत्नी को भनक लग गई और उसने उपायुक्त को शिकायत कर दी। उपायुक्त ने गोहाना के एसडीएम को जांच की जिम्मेदारी दी। जांच में युवक द्वारा शपथपत्र में पहली शादी की जानकारी छुपाई थी। गोहाना के तहसीलदार के रीडर गुलाब की शिकायत पर शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। गांव गढ़ी उजाले खां के सुमित ने पहले शादी कर रखी थी। उसने दूसरी शादी करने के लिए झूठा शपथपत्र तैयार करवाया। शपथपत्र में स्पष्ट किया गया कि वह पहली शादी कर रहा है। इस बारे में उसकी पहली पत्नी को पता चला गया और उसने उपायुक्त को शिकायत की। उपायुक्त ने गोहाना के एसडीएम को जांच अधिकारी नियुक्त किया। एसडीएम ने जांच की तो पता चला कि सुमित ने झूठा शपथपत्र बनवाया था। जांच रिपोर्ट को उपायुक्त को पास भेजा गया। अब अधिकारियों के आदेश पर गोहाना के तहसीलदार के रीडर गुलाब सिंह ने जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने सुमित के विरुद्ध मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सदर थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।

आरोपित गांव अगवानपुर निवासी रवि उर्फ रब्बू है। सहायक उप निरीक्षक प्रदीप के नेतृत्व में पुलिस टीम जाहरी चौक बाईपास पर गश्त पर थी।

इस दौरान टीम को सूचना मिली कि एक युवक बाईपास के पास सवारी के इंतजार में खड़ा था। उसके जेब में हथियार है। इस पर टीम मौके पर पहुंची और वह युवक चार की दुकान पर खड़ा मिला। पूछताछ करने पर युवक ने अपनी पहचान अगवानपुर निवासी रवि उर्फ रब्बू के रूप में दी। उसकी तलाश लेने पर उसके पास से देशी पिस्तौल व कारतूस बरामद हुए। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और उसके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# लूट के प्रयास में दो को चार साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- एक दोषी पर 15 हजार व दूसरे पर 10 हजार रुपये जुर्माना

सदर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े कार सवार बदमाशों ने यूनियन बैंक के हैड कैशियर से 70 लाख रुपए लूटने की कोशिश करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. नरिंद्र कौर की अदालत ने दोषियों को चार-चार साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने एक दोषी पर 15 हजार रुपये व दूसरे दोषी पर 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दिल्ली रोड स्थित यूनियन बैंक आफ इंडिया के हैड कैशियर सुरेदं्र सिंह मलिक ने 27 अक्टूबर 2017 को पुलिस से बयान देकर बताया कि था कि सिक्योरियटी गार्ड साहब सिंह के साथ कार में सवार होकर पानीपत शाखा में जा रहे थे। उन्हें गन्नौर से होते हुए जाना था। कार में सवार होकर दोनों देवड़ू रोड पर पहुंचे ही थे कि एक जुगआर कार में सवार बदमाशों ने कार को रूकवाने की कोशिश की। कार न रोकने पर बदमाशों ने कार को टक्कर मारकर कार के आगे अपनी गाड़ी अड़ा दी। उसके बाद बैंक कर्मी से 70 लाख रुपए लूटने की कोशिश की। बैंक कर्मी ने बदमाशों ने नकदी नहीं दी। बदमाशों ने बैंक कर्मी को गोली मारकर नकदी छीनने की कोशिश की। कार में सवार सिक्योरिटी गार्ड ने बदमाशों पर फायर कर दिया। उसके बाद बदमाश फरार हो गये। घायल बैंक कर्मी को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उसे उपचार दिलाया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपित अमित उर्फ मीता व सुखदेव निवासी रूखी रोहतक को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में सुनवाई करते हुए डा. एएसजे डा. नरिंद्र कौर की अदालत ने दोनों दोषियों को चार-चार साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी सुखदेव को चार साल कैद व दस हजार रुपये जुर्माना, धारा-307 व 120 बी में चार साल कैद व दस हजार रुपये जुर्माना, धारा-25 आर्म्स एक्ट में तीन साल कैद व पांच हजार रुपये जुर्माना वहीं दोषी अमित उर्फ मीता को धारा-394 में चार साल कैद व दस हजार रुपये जुर्माना, धारा-307 व 120 बी में चार साल कैद व दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### नकदी छीनने के आरोपी नाबालिग समेत तीन काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने पिस्तौल के बल पर नकदी छीनने के मामले में एक आरोपित व दो नाबालिगों को काबू किया है। आरोपित हिसार जिले के गांव पेटवाड़ निवासी विष्णु उर्फ किशन है। गांव अकबरपुर बारोटा के गुड्डू ने शिकायत दी थी कि वह रात सवा आठ बजे फैक्टरी के बाहर अपने बैग से श्रमिक को मजदूरी दे रहे थे। तभी बाइक पर नकाबपोश युवक आए थे। वे 30 हजार रुपये से भरा बैग छीनकर बाइक पर सवार होकर बोल-बम धर्म कांटा के तरफ भाग गए थे। इस पर कुंडली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। अब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित विष्णु उर्फ किशन व दो नाबालिगों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और नाबालिगों को बाल सुधार गृह में भेजा है।

## प्लेसमेंट ड्राइव में सात प्रार्थियों का चयन

**गोहाना।** रोजगार कार्यालय गोहाना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में 7 प्राथियों को शार्टलिस्ट करके आगामी कार्रवाई के लिए चयन किया गया। सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्लेसमेंट ड्राइव एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी सरहिंद (पटियाला) से भर्ती अधिकारी संतोख सिंह पार्थियों का साक्षात्कार लेने के लिए पहुंचे। प्लेसमेंट ड्राइव में 41 प्रार्थियों ने भाग लिया जिनमें से 7 प्रार्थियों को शार्टलिस्ट करके आगामी कार्रवाई के लिए चयन किया गया। सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार के अनुसार रोजगार विभाग द्वारा समय-समय पर निजी क्षेत्र में प्रार्थियों को समायोजित करवाने के लिए जॉब फेयर व प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाता है।



गोहाना। प्रार्थियों का साक्षात्कार लेते हुए कंपनी के भर्ती अधिकारी।

### कनाडा से बेटी के आने पर होगा मृतक दंपति का अंतिम संस्कार

**सोनीपत।** जनस्वास्थ्य विभाग के गोहाना रोड स्थित स्टाफ क्वार्टर में आत्महत्या करने वाले दंपती के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। अब बेटी के कनाडा से लौटने के बाद शवों का अंतिम संस्कार किया जाएगा। जनस्वास्थ्य विभाग में बेलदार उत्तराखंड के जिला बागेश्वर के गांव असो के रहने वाले बलवंत (50) और उनकी पत्नी वीना (45) गोहाना रोड स्थित विभाग के क्वार्टर में रह रहे थे। दंपती का इकलौता बेटा राहुल चंडीगढ़ में प्राइवेट नौकरी करता है और शादीशुदा बेटी निशा कनाडा में रहती है। सोमवार सुबह बलवंत ट्यूबवेल चलाने के लिए गए थे। वापस लौटे तो पत्नी वीना का शव फंदे पर लटका मिला था। जिस पर उन्होंने जहरीला पदार्थ निगल लिया था। उनकी भी मौत हो गई थी। मंगलवार को नागरिक अस्पताल में दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। अब बेटी निशा के कनाडा से आने का इंतजार हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार को निशा सोनीपत पहुंच सकती हैं।

- पत्नी ने लगाया था फंदा, बेलदार पति ने खाया था जहर

# नगरपालिका ने गिराई अवैध रूप से निर्माणाधीन मकान की चारदीवारी

- मकान मालिक ने पालिका कर्मचारियों से नोटिस दिखाने को कहा तो बढ़ा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

स्थानीय निकाय नगर पालिका ने रोहतक मार्ग पर अंबेडकर पार्क के पीछे निर्माणाधीन एक मकान की चार दिवारी को जेसीबी से गिरा दिया। वहां पर जो निर्माण हुआ है उसके वैधता और अवैधता को लेकर नगर पालिका के पास शिकायत थी। जिसके आधार पर नगर पालिका ने दीवार एक तोड़ी गई थी कि इस समय मकान का मालिक वहां आ गया और उसने विरोध जताया। नगर पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों से नोटिस दिखाने की बात की गई और ड्यूटी मजिस्ट्रेट का नाम पूछा तो उन्होंने उसे नहीं बताया। काफी वाद विवाद के बाद नगर पालिका कर्मचारी वहां से चले गए। निर्माणाधीन मकान मालिक विनोद कुमार का कहना है कि उसके पिता को वर्ष 1993 में डीसी साहब के माध्यम से इस जगह पर 160 वर्ग गज की जमीन पर कब्जा बहाल करने के निर्देश दिए थे। इसी आधार पर यहां पर मकान का निर्माण किया गया और बाद में खून के रिश्ते के तहत इसी अलॉटमेंट लेटर के मुताबिक यह जमीन उनके नाम आई है।

यही नहीं इस जमीन की प्रॉपर्टी आईडी नगर पालिका ने बनाई हुई है। इसका टैक्स जमा किया हुआ है। साथ ही मरम्मत या जो डेवलपमेंट चार्ज है वह भी नगर पालिका ने जमा करवाया हुआ है। लेकिन इसके बाद भी नगर पालिका कर्मचारी इस मकान को तोड़ने के लिए पहुंच गए। जिसके कारण वहां पर काफी विवाद हो गया। नगर पालिका कर्मचारियों को आधी अधूरी कार्रवाई के बाद ही वापस लौटना पड़ा। विनोद कुमार का कहना है कि इस बारे में उन्होंने खरखौदा एसडीएम श्वेता सुहाग से भी मुलाकात की थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि पहले मामले की जांच की जाएगी। उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित विनोद कुमार ने आरोप लगाया है कि जो कर्मचारी उसका मकान गिराने आए थे, उन कर्मचारियों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाए। उधर नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि नियमों के हिसाब से कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



खरखौदा। निमार्णाधीन चार दिवारी को गिराती जेसीबी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# एसएमडीए की पहली बैठक आज, सीएम करेंगे अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के विकास को लेकर बनाए गए सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) की पहली बैठक बुधवार दोपहर बाद चंडीगढ़ में तय की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में सोनीपत के विकास का खाका खींचा जाएगा। मंगलवार को कार्यालय में एसएमडीए की पहली बैठक का तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में सबसे पहले एसएमडीए के लिए स्टाफ की नियुक्ति, रूल व रेगुलेशन (नियम और विनियमन) के लिए ड्राफ्ट को मंजूर कराया जाएगा। कार्यालय के भवन के लिए प्रपोजल भी तैयार किया गया है। वर्तमान मे एसएमडीए कार्यालय नगर निगम के एक कमरे में चल रहा है। यहां सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केएम पांडुरंग, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्राम कुमार मीणा, वीणा हुड्डा, कार्यकारी अभियंता अमित कुमार, जिला नगर योजनाकार नीलम शर्मा है। साथ ही नगर निगम से एक डाटा एंट्री ऑ फरवरी में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) के लिए 100 करोड़ रुपये जारी करने की घोषणा की थी। इससे सोनीपत महानगर के विकास को गति मिलनी है। एमएसडीए की पहली बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए बजट को मंजूर किया जाना है।

**क्षेत्र के विकास का खाका खींचा जाएगा**

एमडीएम की पहली बैठक के लिए तैयारी पूरी है। चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को होने वाली इस बैठक में क्षेत्र के विकास का खाका खींचा जाएगा। साथ ही लोगों की बेहतर सुविधा के लिए विभिन्न परियोजनों को मंजूरी मिलने की संभावना है।
- विश्राम मीणा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण।

